**CLASS : 12th** (Sr. Secondary) **Code No. 203**

**Series : SS-April/2021**

*Roll No.* | | | | | | | | | | |

# हिन्दी (कोर)

## भाग – I

(आत्मनिष्ठ प्रश्न)

*(Academic)*

(Only for Fresh/School Candidates)

*समय : 2½ घण्टे ]* *[ पूर्णांक : 80* (भाग–I : 40, भाग–II : 40)

---

**प्रश्न-पत्र दो भागों में विभाजित है : भाग–I (आत्मनिष्ठ) एवं भाग–II (वस्तुनिष्ठ)। परीक्षार्थी को दोनों भागों के प्रश्नों के उत्तर को अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखना है। प्रश्न-पत्र का भाग–I परीक्षा आरम्भ होने पर पहले उत्तर-पुस्तिका के साथ दिया जाएगा तथा भाग–II के लिए आखिरी का एक घंटे का समय दिया जाएगा अर्थात् परीक्षा समाप्त होने से एक घंटा पूर्व परीक्षार्थी को भाग–II का प्रश्न-पत्र दिया जाएगा।**

**भाग–I के प्रश्न-पत्र में कुल 7 प्रश्न एवं भाग–II के प्रश्न-पत्र में कुल 40 प्रश्न हैं।**

- *कृपया जाँच कर लें कि **भाग–I** के इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** तथा प्रश्न **7** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

---

*नोट : (i) **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*



www.mseducationtv.com

## खण्ड 'क'

**1.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए - 4

नील जल में या

किसी की गौर, झिलमिल देह

जैसे हिल रही हो।

और

जादू टूटता है इस उषा का अब

सूर्योदय हो रहा है।

**2.** 'दिन जल्दी-जल्दी ढलता है' - पंक्ति की आवृत्ति से कविता की किस विशेषता का पता चलता है ? 2

**3.** हरिवंशराय बच्चन ***अथवा*** तुलसीदासजी के जीवन रचनाओं एवं साहित्यिक विशेषताओं का परिचय दीजिए। 4

**4.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए - 4

बाजार को सार्थकता भी वही मनुष्य देता है जो जानता है कि वह क्या चाहता है और जो नहीं जानते कि वे क्या चाहते हैं, अपनी 'पर्चेजिंग पावर' के गर्व में अपने पैसे से केवल एक विनाशक शक्ति, शैतानी शक्ति, व्यंग्य की शक्ति ही बाजार को देते हैं। न तो वे बाजार से लाभ उठा सकते हैं, न उस बाजार को सच्चा लाभ दे सकते हैं।



www.mseducationtv.com

**5.** (क) भक्तिन के चरित्र की किन्हीं ***चार*** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 4

**अथवा**

'काले मेघा पानी दे' संस्मरण का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) पहलवान की ढोलक का पूरे गाँव पर क्या असर होता था ? 2

**खण्ड 'ख'**

**6.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। $2 \times 5 = 10$

(क) दृश्य श्रव्य माध्यमों की तुलना में श्रव्य माध्यमों की क्या सीमाएँ हैं ? इन सीमाओं को किस तरह पूरा किया जा सकता है ?

(ख) समाचार कैसे लिखा जाता है ? स्पष्ट कीजिए।

(ग) परीक्षा को लेकर अध्यापक और शिष्य के बीच संवादों को लिखिए।

**अथवा**

नकल रहित परीक्षा के संचालन में अध्यापक और विद्यार्थियों की भूमिका पर संक्षिप्त नोट लिखें।

**खण्ड 'ग'**

**7.** ***'वितान भाग-2'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) 'सिल्वर वैडिंग' कहानी का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'जूझ' पाठ में कविता के प्रति लगाव के बाद अकेलेपन के बारे में लेखक की अवधारणा में क्या बदलाव हुआ ?



www.mseducationtv.com

(ग) श्री सौंदलगेकर के अध्यापन की किन्हीं ***दो*** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(घ) अज्ञातवास के समय ऐन की क्या-क्या रुचियाँ थी ?

(ङ) कैबिनेट मंत्री मिस्टर बोल्के स्टीन ने क्या घोषित किया कि जिससे ऐन को खुशी मिली थी।



www.mseducationtv.com

**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 203**

**Series : SS-April/2021**

*Roll No.* | | | | | | | | | | |

# हिन्दी (कोर)

## भाग – II

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

*(Academic)*

(Only for Fresh/School Candidates)

- *कृपया जाँच कर लें कि **भाग–II** के इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** तथा प्रश्न **40** हैं।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

*(iii) प्रश्न क्रमांक **1** से **40** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है। सही उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।*

***निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर पुस्तिका में लिखिए :***

**1.** संधि के कितने भेद होते हैं ?

(क) दो (ख) पाँच

(ग) तीन (घ) चार

**2.** 'प्रति + उपकार' की सन्धि है :

(क) प्रतिउपकार (ख) प्रतुपकार

(ग) प्रत्युपकार (घ) प्रतुष्कार



www.mseducationtv.com

3 'अत्याचार' का सन्धि-विच्छेद है :

(क) अत्य + चार

(ख) अति + आचार

(ग) अ + चार

(घ) अति + उचार

**4.** जिस समास में दोनों पर समान रूप से प्रधान हो व हैं :

(क) तत्पुरुष

(ख) द्वंद्व

(ग) द्विगु

(घ) कर्मधारय

**5.** 'दाल-रोटी' का विग्रह होगा :

(क) दाल में रोटी

(ख) दाल या रोटी

(ग) दाल और रोटी

(घ) दाल में बनी रोटी

**6.** 'वनवास' का समास विग्रह होगा :

(क) वन का वास

(ख) वनवासी

(ग) वन में वास

(घ) वन के लिए वास

**7.** वाक्य शोधन कीजिए :

'तुम तुम्हारे घर जाओ'

(क) तुम अपने घर जाओ

(ख) घर जाओ तुम अपने

(ग) अपने घर जाओ तुम

(घ) घर तुम अपने जाओ

**8.** शुद्ध वाक्य बताइए :

(क) वह लोग अच्छे हैं

(ख) वे लोग अच्छे हैं

(ग) अच्छे हैं वे लोग

(घ) लोग अच्छे हैं वे

**9.** 'रघुपति राघव राजाराम' में अलंकार है :

(क) रूपक

(ख) उपमा

(ग) अनुप्रास

(घ) अतिशयोक्ति

**10.** जिस अलंकार में उपमेय और उपमान में अभेद होता है वह अलंकार है :

(क) रूपक

(ख) उपमा

(ग) उत्प्रेक्षा

(घ) अतिशयोक्ति



www.mseducationtv.com

**11.** 'हो जाए न पथ में रात कहीं' सोचकर कौन जल्दी-जल्दी चलता है ?

(क) चिड़िया (ख) कबूतर

(ग) पंथी (घ) चिड़िया के बच्चे

**12.** किसके बच्चे प्रत्याशा में हैं :

(क) पंथी के (ख) कवि के

(ग) चिड़िया के (घ) लेखक के

**13.** 'कैमरे में बंद अपाहिज' करुणा के मुखौटे में छिपी किसकी कविता है ?

(क) क्रूरता की (ख) दया की

(ग) ममता की (घ) सहानुभूति की

**14.** 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता में कैमरा एक साथ क्या दिखाना चाहता है ?

(क) सामान्य व्यक्ति की दुर्दशा (ख) समाचार और खेल

(ग) दर्शक और अपाहिज रोते हुए (घ) नए और पुराने कार्यक्रम

**15.** 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता में कवि की आत्मा कैसी हो गई ?

(क) कमजोर (ख) दृढ़

(ग) संवेदनशील (घ) समर्थ

**16.** 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता में कवि कहाँ लापता होना चाहता है ?

(क) आकाश में (ख) वायु में

(ग) बादलों में (घ) अंधेरी गुफाओं में

**17.** 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता में बहलाती, सहलाती आत्मीयता क्या नहीं होती है ?

(क) खत्म (ख) बरदाश्त

(ग) कम (घ) ज्यादा



www.mseducationtv.com

**18.** लक्ष्मण के जीवित होने की खबर सुनकर रावण किसके पास जाता है ?

(क) मेघनाद (ख) कुंभकरण

(ग) राम (घ) हनुमान

**19.** लक्ष्मण के मूर्च्छित होने पर सामान्य मनुष्य की तरह कौन विलाप करने लगता है ?

(क) राम (ख) हनुमान

(ग) वानर (घ) सीता

**20.** 'उषा' कविता में प्रातःकालीन नीला आकाश किसके जैसा बताया गया है ?

(क) केसर (ख) शंख

(ग) सिल (घ) सिंदूर

**21.** 'सदके फ़िराक एज़ाजे-सुखन के कैसे उड़ा ली ये आवाज़' पंक्ति में भाषा कौन-सी है ?

(क) तत्सम् प्रधान (ख) तद्भव प्रधान

(ग) ब्रजभाषा (घ) उर्दू-फ़ारसी

**22.** श्री राम के मतानुसार पंखों के बिना किसकी स्थिति दयनीय होती है ?

(क) पक्षी की (ख) मछली की

(ग) वानर की (घ) सर्प की

**23.** श्री राम ने किसकी हानि को विशेष हानि नहीं बताया ?

(क) पत्नी की (ख) भाई की

(ग) मित्र की (घ) बहिन की

**24.** लेखिका द्वारा पुकारी जाने पर भक्तिन क्या कहती थी ?

(क) जी (ख) ऑय

(ग) हाँ, जी (घ) आई मालकिन



www.mseducationtv.com

**25.** भक्तिन का विवाह किस उम्र में हुआ था ?

(क) पाँच वर्ष (ख) नौ वर्ष

(ग) सात वर्ष (घ) छह वर्ष

**26.** बाजार दर्शन पाठ में लेखक का मित्र किसके साथ बाजार गया ?

(क) पत्नी (ख) दोस्त

(ग) लेखक (घ) अकेला

**27.** 'काले मेघा पानी दे' पाठ में लेखक को किस सभा का उपमंत्री बनाया गया ?

(क) आर्य समाज (ख) ग्राम सुधार

(ग) विधानसभा (घ) कुमार सुधार सभा

**28.** लुट्टन सिंह ने किस नामी पहलवान को पटककर हरा दिया था ?

(क) अफजल खाँ (ख) काला खाँ

(ग) अब्दुल खाँ (घ) कल्लू खाँ

**29.** लुट्टन पहलवान के चाँद सिंह को कहाँ के दंगल में हराया ?

(क) जामनगर (ख) श्यामनगर

(ग) भावनगर (घ) चाँद नगर

**30.** साफिया अपने भाइयों से मिलने कहाँ जा रही थी ?

(क) ढाका (ख) कराची

(ग) लाहौर (घ) अमृतसर

**31.** आधुनिक सभ्य समाज कार्यकुशलता के लिए किसे आवश्यक मानता है ?

(क) जाति प्रथा को (ख) श्रम विभाजन को

(ग) शिक्षा को (घ) प्रोत्साहन को



www.mseducationtv.com

**32.** फ्रांसीसी क्रांति के नारे में कौन-सा शब्द विवाद का विषय रहा है ?

(क) राजतंत्र (ख) स्वतंत्रता

(ग) समता (घ) भाईचारा

**33.** साफिया नमक किसके लिए ले जा रही थी ?

(क) अपने भाई के लिए (ख) भाभी के लिए

(ग) सिख बीबी के लिए (घ) अपने घर के लिए

**34.** पुड़िया में क्या था ?

(क) नमक (ख) कीनू

(ग) केला (घ) चीनी

**35.** कहानी की पुस्तक कस्टम अधिकारी को कब मिली ?

(क) परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर (ख) सालगिरह के अवसर पर

(ग) लाहौर जाने पर (घ) ठीक काम करने पर

**36.** 'श्रम विभाजन और जाति प्रथा' पाठ के लेखक है ?

(क) प्रेमचन्द (ख) विष्णु खरे

(ग) रघुवीर सहाय (घ) भीमराव अम्बेडकर

**37.** भारत में इंटरनेट का दूसरा दौर कब शुरु हुआ ?

(क) 1983 (ख) 1993

(ग) 2003 (घ) 2013

**38.** किसी समाचार संगठन में काम करने वाला नियमित वेतनभोगी कर्मचारी क्या कहलाता है ?

(क) पूर्णकालिक पत्रकार (ख) अंशकालिक पत्रकार

(ग) फ्रीलांसर पत्रकार (घ) वेतनभोगी पत्रकार



www.mseducationtv.com

**39.** नाटक का सबसे जरूरी और सशक्त माध्यम है ?

(क) मधुर आवाज (ख) भाषा

(ग) परदा (घ) संवाद

**40.** भारत का पहला छापाखाना कहाँ स्थापित हुआ ?

(क) दिल्ली (ख) सूरत

(ग) गोवा (घ) अहमदाबाद



www.mseducationtv.com